**मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग**

**2673. श्री केशव प्रसाद शुक्ल :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय परिवहन समिति ने वर्ष 1988 में मध्य प्रदेश के विद्यमान मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की सिफारिश की थी

(ख) क्या सरकार को इन प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में मध्य देश सरकार से 1985 में अपेक्षित जानकारी प्राप्त हो गई थी ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इन सड़कों को कब तक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का विचार रखती है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजश पायलट) :** (क) और (ख) जी, हां ।

(ग) 8 सड़कों मे से जयपुर-कोटा-बियाओरा सड़क को पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जा चुका है और सरकार कुछ अन्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के प्रश्न की जांच कर रही है ।

2674. [Transferred to the 7th December, 1987].

**डी० टी० सी० दैनिक औसत आय**

2675. **श्री दिनकरराव गोविन्दराव पाटिल :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली परिवहन निगम को रूट नं० 436, 513, 522, 526, 548, 520, 508, 581 और 974 पर चलने वाली बसो से प्रतिदिन औसतन कितनी आय होती है ;

(ख) क्या यह सच है कि ऊपर उल्लिखित रूटो पर यातायात भार निरन्तर बढ़ रहा है ;

(ग) क्या सरकार इन रूटो पर चलने वाली बसों की संख्या में वृद्धि करने का विचार रखती है, और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है, और

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (ख) और (ग) का उत्तर "ना" हो तो इसके क्या कारण हैं ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजश पायलट) :** (क) इन रूटों के संदर्भ में औसत दैनिक आय निम्नलिखित है :—

| क्रम सं० | रूट नं० | अक्तूबर, 87 के दौरान प्रतिदिन की औसत आय रुपए में |
|---|---|---|
| 1 | 436 | 1326 |
| 2. | 513 | 1504 |
| 3 | 522 | 3574 |
| 4 | 526 | 3009 |
| 5 | 548 | 2094 |
| 6 | 520 | 7238 |
| 7 | 508 | 1395 |
| 8. | 581 | 1170 |
| 9. | 974 | 1805 |

(ख) से (घ) दिल्ली भर के ट्रैफिक में सामान्यतः वृद्धि हुई है । दिल्ली परिवहन निगम द्वारा सतत आधार पर क्षेत्रों के लोडिंग सर्वेक्षण किए जाते हैं और अपर्याप्त सेवाओं तथा परिचालन संबंधी कमियां होने पर उपलब्ध संसाधनो के भीतर ही सेवाओं को बढ़ाया जाता है तथा कमियों को दूर किया जाता है ।

**मूल चन्द अस्पताल के निकट सेंट्रल स्कूल के बस स्टाप पर डी० टी० सी० बसों का नहीं रोका जाना**

2676. **श्री दिनकरराव गोविन्दराव पाटिल :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डी० टी० सी० की अधिकाश बस जार्ज टीटो मार्ग पर